C M Y K

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर ■ अलवर से एक साथ प्रकाशित

‘हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई और हो।’

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 330 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025



पेज 8 | स्पोर्ट्स

अवैध हथियार व कारतूसों की खेप पकड़ी | 3

## पेयजल समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने ली मैराथन बैठक

# गर्मी में जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ा तो जिम्मेदारों की खैर नहीं : शर्मा

मॉर्निंग न्यूज
@ जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी के बाद पेयजल की मांग और उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार दोपहर मुख्यमंत्री निवास पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी में जनता को अगर पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ी है, ऐसे में आमजन को बढ़ी हुई मांग के अनुसार पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलक्टर्स कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार पेयजल प्रबंधन स्वयं की देखरेख में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की किसी तरह की किल्लत नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि



**15 मई से पहले हर हाल में पूरे करें पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के सभी कार्य**

अंतिम छोर के उपभोक्ताओं को भी पेयजल की कोई दिक्कत नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पीएचईडी के फील्ड अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहें और बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें।

**तेजी से पूरे करें नए हैंडपम्प, नलकूप लगाने और पुरानों की मरम्मत के काम :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए नए हैण्डपम्प, नलकूप लगाने, पुराने हैण्डपम्प, नलकूपों की मरम्मत, पाइपलाइनों को दुरस्त करने सहित पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के सभी कार्य 15 मई से पहले हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिला कलक्टरों को एक-एक करोड़ रुपए का अनटाइड फंड उपलब्ध करवाया गया है। अधिकांश जिलों में इस फंड का उपयोग करते हुए स्वीकृतियां जारी कर कार्य शुरू कर दिये गए हैं। उन्होंने शेष जिलों के जिला कलक्टरों को भी स्वीकृतियां शीघ्र जारी कर कार्य दी गई समयसीमा में पूरा करवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 मई से पहले गत वर्ष बजट में स्वीकृत सभी हैंडपम्प और नलकूपों को चालू कर दिया जाए तथा इस बजट में स्वीकृत किए गए 1000 नए नलकूप और 2500 नए हैण्डपम्प की वित्तीय स्वीकृति भी जल्द जारी कर कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। बैठक में बताया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अप्रैल माह में 2 लाख 35 हजार से अधिक हैण्डपम्पों की मरम्मत की गई है। गत वर्ष बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 नलकूप और 10 हैण्डपम्प स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 800 से अधिक नलकूप और 1400 हैण्डपम्प इस माह के अंत तक क्रियाशील हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में गर्मी के दौरान पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 142 करोड़

» शेष पृष्ठ 6 पर

## जयपुर मेट्रो-फेज 2 की अहम बैठक

### आमजन की सुगमता को देखते हुए निर्धारित करें मेट्रो का रूट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो फेज-2 की डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुरवासियों के लिए सुगम एवं अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बने। शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 के तहत प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन



» शेष पृष्ठ 6 पर

## केन्द्र ने प्रदेश को दी विशेष सौगातें, मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी का जताया आभार

### राजस्थान में रेल एवं सड़क तंत्र होगा सुदृढ़, विकास को मिलेगी नई गति

### राष्ट्रीय राजमार्ग-458 के रायपुर-जस्सा खेड़ा खंड से सड़क निर्माण के लिए 394.03 करोड़ स्वीकृत

मॉर्निंग न्यूज
@ जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सड़क एवं रेल कनेक्टिविटी को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा दी गई स्वीकृतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। केन्द्र सरकार द्वारा दी गई इन विशेष सौगातों से प्रदेश में रेल एवं सड़क तंत्र सुदृढ़ होगा तथा आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान में 394.03 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-458 के रायपुर-जस्सा खेड़ा (लंबाई 7.95 किमी, पैकेज-2) खंड से पेव्ड शोल्डर एलिवेटेड संरचना के साथ 2-लेन के निर्माण की स्वीकृति दी है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-58 के जंक्शन से लाडनू में शुरू होकर जस्सा खेड़ा तक जाता है। इस खंड के विकास के बाद भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की यात्रा 38 किमी कम हो जाएगी तथा इससे बर और पिपलिया कलां औद्योगिक पार्क से कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

**रामदेवरा से पोकरण के बीच भैरव गुफा एवं कैलाश टेकरी होकर नई रेल लाइन स्वीकृत**

*केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश में रामदेवरा से पोकरण के बीच भैरव गुफा एवं कैलाश टेकरी होकर नई रेल लाइन की स्वीकृति मिली है। इससे बीकानेर और जोधपुर से जैसलमेर की रेल यात्रा में लगभग 45 मिनट की बचत होगी। यह रेल लाइन 100 प्रतिशत विद्युतीकृत होगी।*

## एक नजर

### बिहार-यूपी में बिजली गिरने से 28 लोगों की मौत

राजस्थान-एमपी में हीटवेव का अनुमान, 20 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भीषण गर्मी के बीच देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं। 32 जिलों में यलो अलर्ट है। आईएमडी के मुताबिक मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी-पश्चिमी राज्यों के मैदानी इलाकों में अगले 2 दिन बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल और नगालैंड में बारिश और ओले गिरने की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और आंध्र में अगले दो दिन तक कई जगहों पर बारिश होगी।

### सुप्रीम कोर्ट बोला : पैक्ड फूड पर वार्निंग लेबल दिया जाए

केंद्र तीन महीने के अंदर लेबलिंग का नियम बनाएं, कितना शुगर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। कोर्ट ने ये आदेश एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें



कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है। केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर एफएसएसएआई लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी

» शेष पृष्ठ 6 पर

## अमेरिकी टैरिफ स्थगित होते ही सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

### 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 94 हजार पहुंची, 2300 रुपए महंगी हुई चांदी



मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनियाभर में लागू किए जाने वाले टैरिफ को 90 दिन के लिए स्थगित करने के बाद बाजार में उछाल आ गया है। इसकी वजह से सोने और चांदी की कीमत में भी तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरुवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड को तोड़ 94 हजार रुपए के ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। वहीं चांदी की कीमत एक बार फिर 95 हजार कर पहुंच गई है।

सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया कि अमेरिकी टैरिफ की वजह से ही बाजार में अस्थिरता आई थी। जैसे ही डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को स्थगित करने की घोषणा की। इसके बाद बाजार में फिर से तेजी देखने को मिल रही है। यही

» शेष पृष्ठ 6 पर

### सात दिन में ही बैकफुट पर आए ट्रम्प

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 प्रतिशत टैरिफ के बाद की। चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी।

» शेष पृष्ठ 6 पर

## मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया

### दिल्ली एयरपोर्ट पर विशेष विमान लैंड हुआ, वहां सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया

नई दिल्ली
(एजेंसी)

2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से गुरुवार को भारत लाया गया। उसका विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड किया। यहां से तहव्वुर को सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। एनआईए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। जेल सोर्स के मुताबिक राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और



खुफिया एजेंसी आरएडब्ल्यू की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा।

**दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही एसडब्ल्यूएटी कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (सीएपीएफ) की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह

» शेष पृष्ठ 6 पर

### पाकिस्तान ने तहव्वुर से दूरी बनाई

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है जो कनाडा में जाकर बस गए हैं। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। राणा को भारत लाने को लेकर बुधवार को होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मीटिंग की।

हर सप्ताह कम से कम 10 रास्ते खुलवाने के निर्देश | अधिकारी नियुक्त होंगे

## राजस्थान में बंद पड़े रास्ते खुलवाएगी राज्य सरकार

### सभी जिलों में एक माह के लिए रास्ता खोलो अभियान शुरू करने का निर्णय किया

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

जयपुर, खैरथल-तिजारा, नागौर में चलाया गया रास्ता खोलो अभियान एक माह के लिए प्रदेश के सभी जिलों में शुरू करने का निर्णय किया गया है। रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने इस संबंध में एक एसओपी बनाकर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स, संभागीय आयुक्त, जिला एसपी समेत अन्य अधिकारियों को इस अभियान को प्रमुखता से चलाने के आदेश दिए है। इन आदेशों में हर उपखंड स्तर पर हर सप्ताह कम से कम 10 रास्तों को खुलवाने का लक्ष्य दिया है। विभाग से जारी एक सर्कुलर के मुताबिक मुख्यमंत्री पोर्टल समेत अन्य स्तर पर ग्रामीण इलाकों में बंद रास्तों को खुलवाने की शिकायतें आती हैं। मंत्री और अधिकारियों के स्तर पर



की जाने वाली जनसुनवाइयों में भी बंद रास्तों के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त होती है।

इन ग्रामीण रास्तों पर किए अतिक्रमण से न केवल ग्रामीणों को परेशानी होती है,

» शेष पृष्ठ 6 पर

**अभियान के तहत ये होंगे काम**

- राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 के तहत रास्ता खुलवाना।
- राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251, तहत दिए गए रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना।
- मुख्य गांव, ढाणियों को जोड़ने वाले रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना।
- पुराने रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना।
- राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्ते जो मौके पर बंद है, उनको खुलवाना।
- नरेगा द्वारा बनवाए गए रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना।
- कृषि भूमियों पर आवागमन के लिए बने सार्वजनिक रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना।

## राजस्थान में 3 लाख से ज्यादा लोगों की सामाजिक पेंशन रोकने की तैयारी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में सामाजिक पेंशन (एकल नारी, बुजुर्ग, विशेष योग्यजन) लेने वाले लाखों लाभार्थियों की पेंशन रोकने की तैयारी की जा रही है। ये पेंशनधारी वो हैं, जो सरकार की निर्धारित योग्यता से ज्यादा इनकम कमा रहे हैं। इसे देखते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने हाल ही में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिसमें बिजली के बिलों के आधार पर पेंशन को रोकने का निर्णय किया है। इसे मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवाया है, अगर मुख्यमंत्री कार्यालय से मंजूरी मिलती है तो लाखों लाभार्थियों की पेंशन रुक सकती है।

दरअसल, राज्य सरकार अभी मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों को 1150 रुपए से लेकर 1500 रुपए

» शेष पृष्ठ 6 पर

अजमेर ■ अलवर ■ टोंक ■ दौसा ■ झुंझुनूं ■ सवाईमाधोपुर ■ कोटा ■ भीलवाड़ा ■ चित्तौड़गढ़ ■ सिरोही ■ जोधपुर ■ नागौर ■ बीकानेर ■ चूरू ■ धौलपुर ■ भरतपुर में एक साथ प्रसारित।